हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, गुरुवार, 3 अप्रैल, 2025

तापमान
अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 10.9 डिग्री

11 मांगों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ ने की बैठक



12 शहर ठेका सफाई कर्मियों का आंदोलन 10वें दिन जारी



## खबर संक्षेप

### रौनक पब्लिक स्कूल में तीरंदाजी प्रतियोगिता 4 से

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 4 अप्रैल से शुरू होगी। यह जानकारी जिला तीरंदाजी एसोसिएशन के सचिव जगबीर छिक्कारा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के मुख्यातिथि विधायक देवेन्द्र कादियान व नगर निगम मेयर राजीव जैन होंगे। विशिष्ठ अतिथि रौनक पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा होंगी।

### पत्नी ने पति पर लगाया मारपीट का आरोप

**खरखौदा।** एक महिला ने अपने पति के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है। भावना ने बताया कि उसकी शादी गांव थाना कलां के पवन के साथ हुई है। जब वह घर पर आई तो उसके पति ने घर के मुख्य दरवाजे पर रोक लिया और मार पिटाई करने लगा। उसके पति ने उस पर फरसे से हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोट आई है। अब उसे अपने पति व सास ससुर से खतरा बना हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### फैक्टरी कर्मचारियों के दो-पहिया वाहन चोरी

**सोनीपत।** कुंडली और नाथूपुर औद्योगिक क्षेत्र में चोर दो फैक्ट्री कर्मचारियों की बाइक चोरी कर ले गए। दोनों ने ही बाइक फैक्ट्री के बाहर खड़ी की थी। शिकायत पर थाना कुंडली पुलिस ने वाहन चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। गांव सलीमसर माजरा के रहने वाले संदीप ने पुलिस को बताया कि वह कुंडली के सेक्टर-53 के फेज-5 स्थित फैक्ट्री में काम करते है। वह मंगलवार की सुबह ड्यूटी पर आए थे। उन्होंने बाइक को फैक्ट्री के बाहर खड़ा कर दिया। वह दोपहर में बाइाए आए तो बाइक नहीं मिली। आसपास के लोगों से भी बाइक के बारे में पूछा, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। बाइक को कोई चोरी कर ले गया। वहीं, नाथूपुर स्थित एवरसाइन इंटरप्राइजेज में काम करने वाले अकबरपुर बरोटा के रहने वाले राकेश ने बताया कि वह सुबह मंगलवार को सुबह ड्यूटी पर आए थे। शमा को ड्यूटी खत्म होने के बाद जब शाम को बाहर निकले तो बाइक नहीं मिली। बाइक को कोई चोरी कर ले गया।

### कार सवारों ने युवक को पीटा, मोबाइल भी छीना

**गन्नौर।** भांवर गांव में कार सवार हमलावरों ने सरढाना गांव के एक युवक पर हमला कर दिया। इस हमले में युवक की हाथ व पैर में गंभीर चोट आई हैं। हमलवारों ने उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया। शिकायत में गांव सरढाना निवासी दीपक ने बताया कि उसकी सगाई भांवर निवासी तन्नू से तय हुई थी। 29 मार्च की रात को तन्नु ने उसे फोन कर बताया कि उसके पिता व भाई उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। तन्नू ने उसे ले जाने के लिए गांव में बुलाया। जिसके बाद वह बाइक पर गांव पहुंचा तो एक काले रंग की एसेंट कार ने उसका रास्ता रोक लिया। कार से चार लोग उतरे, जिनमें तन्नु का भाई रौनक, प्रशांत और दो अन्य अज्ञात युवक शामिल थे। उन्होंने लाठी-डंडों से दीपक पर हमला किया और उसे गाड़ी में डालकर गांव के स्टेडियम ले गए, जहां उसके हाथ-पैर तोड़ दिए।

### अस्थाई मजदूर संघ की बैठक छह को

**खरखौदा।** शहर के परशुराम पार्क में छह अप्रैल का मारुति सुजुकी अस्थायी मजदूर संघ के सदस्यों की तरफ से एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। आइएमटी खरखौदा में संचालित इकाई के मजदूरों को इस बैठक का हिस्सा बनने को कहा गया है। संघ के सदस्य खुशीराम का कहना है कि मजदूरों को पक्का न किए जाने के साथ ही उन्हें अन्य सुविधाओं से भी वंचित रखा जा रहा है। ऐसे में उनके हकों की आवाज उठाने के लिए संघ संघर्ष कर रहा है, इसी को लेकर छह अप्रैल को शहर के परशुराम पार्क में बैठक होगी।

---

आश्वासन के बाद सात दिन का टीम ने दिया था समय, अब कार्रवाई

## गांव फाजिलपुर में कब्जा हटवाने पहुंची नगर निगम की टीम, 16 पक्के निर्माणा गिराए

- लोगों को पंचायत जमीन पर 11-11 फुट के खाद गड्ढे दिए थे, लोगों ने उस जमीन पर कब्जा किया
- करीब 100 लोगों ने किए पक्के निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। गांव फाजिलपुर में कब्जा तोड़ते हुए जेसीबी मशीन। *फोटो : हरि भूमि*

फाजिलपुर में खाद गड्ढे के लिए तत्कालीन ग्राम पंचायत की ओर से दी जमीन पर लोगों ने कब्जा कर लिया। नगर निगम की टीम बुधवार को पैमाइश करने के बाद कब्जे हटाने पहुंची। लोगों के विरोध के बीच नगर निगम की टीम ने 16 पक्के निर्माण गिराए। इनमें मकान व दुकान शामिल हैं। नुकसान से बचने के लिए ग्रामीणों ने टीम से बातचीत की। उसके बाद नगर निगम से सात दिन का समय मांगा। इस पर निगम की टीम वापस लौट गई। जानकारी के अनुसार फाजिलपुर में तत्कालीन ग्राम पंचायत की ओर से लोगों को पंचायत जमीन पर 11-11 फुट के खाद गड्ढे दिए गए थे। उसके बाद लोगों ने उस जमीन पर कब्जा करना शुरू कर दिया था। करीब 100 लोगों ने उस जमीन पर पक्के निर्माण कर रखे हैं। यह जमीन गांव की फिरनी के पास स्थित है। गांव के अधिवक्ता की तरफ से पंचायती जमीन को खाली करने के लिए वर्ष 2022 में लोकायुक्त के पास केस डाला गया था। केस की सुनवाई पूरी होने के बाद लोकायुक्त ने दो माह पहले नगर निगम को जमीन पर कब्जा लेने के आदेश दिए थे। उस समय निकाय चुनाव की आचार संहिता लगने के चलते नगर निगम की तरफ से कब्जा कार्रवाई नहीं हो पाई थी। निकाय चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद नगर निगम की ओर से पहले पैमाइश की गई। पैमाइश के दौरान खाद गड्ढे के लिए दी जमीन पर 100 पक्के निर्माण हुए मिले। उसके बाद नगर निगम की टीम बुधवार को पुलिस बल के साथ गांव फाजिलपुर पहुंची।

**कब्जा**

### जमीन पर मकान और दुकान बनाई

कार्रवाई के दौरान बुल्डोजर के जरिए अवैध रूप से किए गए पक्के निर्माण को गिराना शुरू कर दिया। वहां पर मौजूद कब्जाधारियों ने विरोध करना शुरू का दिया। पुलिस बल की मौजूदगी में नगर निगम ने 16 पक्के निर्माण गिराए। इनमें मकान व दुकान बनी हुई थी। कब्जाधारियों ने विरोध और तेज कर दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर निगम पार्षद रेणु बाला के प्रतिनिधि प्रवीन सैनी मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को लिखकर दिया कि एक सप्ताह के अंदर कब्जा हटा लिए जाएगा। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता मंजीत दहिया, सुरेश लोहान, भवन निरीक्षक आनंद किशोर, दलबीर, पटवारी राजबीर समेत पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

---

प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की कार्रवाई

## पालीथिन प्रयोग करने वाले आठ दुकानदारों के चालान



खरखौदा। दुकानदारों के चालान करते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

नगरपालिका के साथ मिलकर प्रदूषण कंट्रोल विभाग की तरफ से बुधवार को शहर में पालीथिन प्रयोग करने वाले दुकानदारों के चालान किए गए।

इस दौरान आठ दुकानदारों के चालान हुए, जिसमें से तीन ने मौके पर ही जुर्माना भी भर दिया, जबकि पांच द्वारा बाद में जुर्माना राशि अदा की जाएगी। प्रदूषण कंट्रोल विभाग के जेई अमित कुमार के नेतृत्व कार्रवाई में की गई। नगर पालिका की टीम भी उनके साथ रही। टीम ने बाजारों में औचक निरीक्षण किया और जहां भी दुकानदार पालीथिन का इस्तेमाल करते पाए गए, उनके खिलाफ तत्काल चालान काटा गया। तीन दुकानदारों ने मौके पर ही जुर्माना भर दिया। जबकि पांच को तय समय के भीतर चालान राशि जमा करने का निर्देश दिया गया। जेई अमित कुमार ने बताया कि प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा और जल्द ही दोबारा निरीक्षण किया जाएगा।

---

## नेशनल नेटबॉल चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल की वृंदा ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा




तीसरी सब जूनियर नेशनल फास्ट फाइव नेटबॉल चैम्पियनशिप कलिंगा, भिवानी में आयोजित हुई। जिसमें प्रताप स्कूल खरखौदा की वृंदा पाराशर ने गोल्ड मैडल जीतकर हरियाणा प्रदेश व अपने स्कूल का नाम रोशन किया। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, पद्मश्री डॉ संतराम देशवाल, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया, नेटबॉल कोच संसार दहिया व वृंदा के पिता ललित कुमार ने विद्यालय प्रांगण में वृंदा पाराशर का स्वागत किया गया। द्रोणाचार्य अवार्डी कोच ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि वृंदा इससे पहले भी नेशनल में पदक जीत चुकी है। वृंदा के पिता ललित कुमार ने बताया कि वृंदा नर्सरी कक्षा से प्रताप विद्यालय में पढ़ रही है। वृंदा पढ़ाई में मेधावी होने के साथ-साथ खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुकी है। वृंदा ने अपनी जीत का श्रेय कोच संसार दहिया, प्रताप विद्यालय प्रबंधन समिति व अपने परिवार को दिया। इस अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया ने कहा कि आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं है।

## ट्रैफिक पुलिस प्रभारी और एक अन्य कर्मी को निलंबित किया

**खरखौदा।** शहर के ट्रैफिक पुलिस प्रभारी व एक अन्य ट्रैफिक पुलिस कर्मी को पुलिस के आला अधिकारियों द्वारा सस्पेंड कर दिया गया है। शहर के सोनीपत मार्ग पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की एक वीडियो प्रसारित हुई, जिसमें बताया जा रहा था कि उनके द्वारा ट्रक चालकों से चालान न काटने की एवज में पैसे लिए गए हैं। पुलिस के आला अधिकारियों के संज्ञान में मामला आने पर मामले की जांच के आदेश दिए गए थे। जिस पर खरखौदा ट्रैफिक प्रभारी रहे राजबीर व कांस्टेबल विक्की को सस्पेंड कर दिया गया है। यह मामला बीते सप्ताह का बताया जा रहा है, जिसे लेकर यह कार्रवाई की गई है। फिलवक्त पुलिस के आला अधिकारियों की तरफ से खरखौदा थाने में तैनात एसआई राजेश कुमार को खरखौदा ट्रैफिक प्रभारी लगाया गया है। एसीपी राहुल देव का कहना है कि एक मामले में खरखौदा के ट्रैफिक प्रभारी व कर्मचारी के सस्पेंड किया गया है।

## खेड़ी तगा के सरपंच पर लगे आरोपों के मामले में जांच रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

खेड़ी तगा गांव के सरपंच पर लगे आरोपों की जांच रिपोर्ट जांच कमेटी द्वारा तैयार कर उपायुक्त को सौंपी जा चुकी है। अब जांच रिपोर्ट के आधार पर उपायुक्त द्वारा आगामी कार्रवाई की जानी है। जांच रिपोर्ट के अनुसार शिकायतकर्ता शीला देवी का मकान निर्माणाधीन है। वहीं कुछ अन्य मामलों की जांच भी की गई है। अब सरपंच वेदप्रकाश को जांच रिपोर्ट पर अपना पक्ष रखने के लिए 4 अप्रैल को उपायुक्त कार्यालय में पहुंचने के आदेश दिए गए हैं। सरपंच वेदप्रकाश का पक्ष जानने के बाद उपायुक्त द्वारा इस संबंध में आगामी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि खेड़ी तगा गांव की शिकायतकर्ता शीला देवी ने पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार से शिकायत की थी कि सरपंच द्वारा चुनावी रंजिश रखते हुए उन्हें मकान निर्माण के लिए आर्थिक मदद नहीं दिलवाई जा रही। जबकि वह पात्र हैं।

**मंत्री ने दिए आदेश**

पंचायत मंत्री ने उपायुक्त सोनीपत को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इस पर उपायुक्त मनोज कुमार ने विकास एवं पंचायत विभाग को ग्राम पंचायत स्तर पर क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए लाभार्थियों की पहचान और सरपंच वेदप्रकाश द्वारा करवाये गए व अन्य विकास कार्यों की जांच के लिए रिकार्ड मंगवा कर जांच रिपोर्ट उन्हें सौंपने के भी आदेश दिए थे।

**डीसी करेंगे कार्रवाई**

शिकायतकर्ता का मकान निर्माण का कार्य चल रहा है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्य लाभार्थियों की पहचान व के बाद उसे जांच रिपोर्ट में शामिल किया है। अब डीसी कार्रवाई करेंगे।
*पूनम चंदा, बीडीपीओ*

---

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित जीजा व मां को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- पुलिस ने आरोपितों को अदालत में किया पेश, न्यायिक हिरासत में भेजा

सदर थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आरोपित व वारदात में सहयोगी पीड़िता की मां को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रुपेंद्र निवासी रोहतक का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। नाबालिग लड़की ने गत 31 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी बहन की शादी रोहतक में हुई थी। उसका जीजा रुपेंद्र घर पर आता जाता था। उसके जीजा ने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इस संबंध में उसने अपनी मां को अवगत करवाया। उसकी मां ने मदद करने की बजाय उसके जीजा का साथ दिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सदर थाना पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच अधिकारी महिला उप निरीक्षक बबीता ने बताया कि पुलिस ने लड़की का मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं।

## नशे के खिलाफ अनूठी बुग्गी यात्रा लेकर निकले पहलवान का गन्नौर में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। पहलवान रविंद्र तोमर का गन्नौर पहुंचने पर स्वागत करते स्थानीय लोग।

जींद जिले के गांव ऐचरा कला के पहलवान रविंद्र तोमर ने युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करने के लिए अनूठी बुग्गी यात्रा शुरू की है। इस यात्रा में वह खुद बुग्गी खींच रहे हैं, न कि कोई बैल या भैंसा। गन्नौर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। रविंद्र तोमर ने बताया कि प्रदेश का युवा नशे की ओर बढ़ रहा है, जबकि हरियाणा की पहचान दूध-दही से है। वह चाहते हैं कि युवा इस परंपरा को बनाए रखें और नशे से दूर रहें। यह यात्रा 5 फरवरी को उनके गांव से शुरू हुई थी और अब तक 16 जिलों में पहुंच चुकी है। गन्नौर के बाद वह सोनीपत होते हुए मेवात जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान कई युवा उनसे मिलकर नशे से दूर रहने का संकल्प ले चुके हैं। रविंद्र तोमर ने कहा कि अगर उनकी इस यात्रा से हजारों युवा भी जागरूक हो गए, तो वे इसे अपनी सफलता मानेंगे।

## नौकरी का झांसा देकर ठगी का आरोपित पांच दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुरथल थाना पुलिस टीम ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मनीष निवासी देव नगर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। उप निरीक्षक तेजप्रकाश की टीम को जानकारी मिली कि टीडीआई में मनीष निवासी देव नगर गाड़ी में पुलिस लाइट की बती लगाए हुए है। वह बच्चों से रुपये लेकर नौकरी लगवाने का झांसा दे रहा है। टीम ने छापेमारी करते हुए आरोपित को काबू कर लिया।

**15 पहचान पत्र मिले**

आरोपित के पास से तलाशी के दौरान 15 पहचान पत्र, सर्विस बुक, सहित कई अन्य कागजात मिले। आरोपित के खिलाफ मुरथल थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी सतीश की टीम ने आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान उससे पूछताछ की जा रही है।

---

सोनीपत में कुशल वर्कफोर्स तैयार की जाएगी

## सरकार से समझौता हुआ, मारुति सुजुकी आईटीआई जुआं में जेआईआईएम बनाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रिंसिपल विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार ने सरकारी आईटीआई जुआं के भवन में सोनीपत का दूसरा जेआईआईएम (जापान इंडिया इंस्टीट्युट ऑफ मैन्युफैक्चरिंग) स्थापित करने के लिए मारुति सुजुकी के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयु) पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत जुआं के द्वारा मारुति सुजुकी के साथ सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के अंतर्गत 15 वर्षा के लिए आईटीआई जुआं की बिल्डिंग को जेआईआईएम चलाने के लिए मारुती सुजुकी की दी गई है। अब मारुति खरखौदा प्लॉट के लिए आवश्यक कुशल वर्कर को खुद तैयार करेंगा। मारुति इस संस्थान में सभी ट्रेड इकाइयों को दोहरे मोड में संचालित करेंगी। प्रशिक्षण का सैद्धांतिक भाग जेआईआईएम में दिया जाएगा। जबकि व्यावहारिक ओजेटी (ऑन-जॉब ट्रेनिंग) प्रशिक्षण मारुति के खरखौदा प्लांट में प्रदान किया जाएगा। एक वर्षीय पाठ्यक्रम में 6 महीने की ओजेटी भी शामिल होगी। उन्होंने बताया कि ओजेटी के दौरान प्रशिक्षुओं को मारुति के द्वारा 15 हजार रूपये हर महीने दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जुआं गांव के युवाओं के लिए 10 प्रतिशत सीटें आरक्षित होगी व फीस भी नहीं ली जाएगी। उन्होंने बताया कि जेआईआईएम से जुआं ही नही बल्कि आस-पास के गांवों के युवाओं का भी शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

**ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं ने किया था विरोध**

मामले को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों व आईटीआई में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने जिला उपायुक्त कार्यालय में पहुंचकर रोष प्रदर्शन किया था वहीं अपनी मांगों का ज्ञापन तहसीलदार के नाम पर मुख्यमंत्री के पास भेजा है। विद्यार्थियों ने मांग थी कि जुआं आइटीआई को सरकारी संस्थान के रूप में ही बनाए रखा जाए। ग्रामीणों ने बताया कि इस आइटीआई के लिए गांव की पंचायत ने जमीन निशुल्क पट्टे पर दी थी और यहां जुआं समेत माहरा, सिटावली, चिटाना, भटाना, रहमाणा, जाजी, चटिया, सलीमपुर ट्राली, नैना तातारपुर, करेवड़ी, रोलद आदि गांवों के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

**मिलेगा रोजगार**



युवाओं के भविष्य के लिए इस कदम को सरकार के दिशा-निर्देशों पर उठाया गया है। हर साल बच्चों को रोजगार मिलेगा। हाल में पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं को कहीं नहीं भेजा जा रहा है। उनकी पढ़ाई चलती रहेगी। **-विक्रम सिंह, प्रिंसिपल।**



## खबर संक्षेप

### विवि में मोटिवेशनल विस्तृत व्याख्यान आज

गोहान। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां में आज जन संपर्क विभाग तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दिवसीय मोटिवेशनल विस्तृत व्याख्यान कार्यक्रम में भारतीय थल सेना के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल जयसिंह नैन बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। अध्यक्षता महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश करेंगी। विवि के निदेशक जनसंपर्क लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा ने बताया कि परम विशिष्ठ सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, सेवा मेडल व साउथर्न कमांड ऑफ इंडियन आर्मी के कमांडर इन चीफ सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल जय सिंह नैन छात्राओं से रूबरू होंगे।

### वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत। मुरथल थाना सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंकित निवासी बख्तावरपुर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सिपाही रोहित ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान जीटी रोड पर मौजूद थी। टीम ने संदिग्ध हालत में घुमते हुए युवक को काबू कर लिया। उसके पास से अवैध हथियार बरामद किए थे। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### बाप-बेटे ने मिल कर महिला को पीटा, केस

**गन्नौर।** कैलाना गांव में बाप-बेटे ने मिल कर एक महिला के साथ मारपीट कर दी। घायल महिला ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में गांव कैलाना निवासी सुनीता रानी ने बताया कि उसके पड़ोसी सूबे सिंह और उसका पुत्र निशांत उनके पास के मकान की छत पर काम कर रहे थे और उनके जीने का इस्तेमाल कर रहे थे। जब सुनीता ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो दोनों ने गाली-गलौच शुरू कर दी। आरोप है कि निशांत ने सुनीता के मुंह पर घूसा मारा। इसके बाद दोनों ने मिलकर उन्हें लात-घूंसों से पीटा। निशांत ने हाथ में बसौली लेकर उनकी छाती पर वार करने की कोशिश की, लेकिन सुनीता ने हाथ आगे कर लिया, जिससे चोट उनके हाथ पर लगी। बाद में निशांत ने गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी।

### विधायक देवेंद्र कादियान ने शहर की अनाजमंडी का निरीक्षण किया

# फसल लेकर आने वाले किसानों को परेशान नहीं होने देने के आदेश दिए

■ मंडी में शौचालय, बिजली और पीने के पानी की व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने बुधवार को शहर की अनाज मंडी का दौरा किया। यहां उन्होंने अधिकारियों, आढ़तियों और किसानों से बातचीत की। उन्होंने मंडी में सरसों की खरीद को लेकर किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न होने देने के निर्देश दिए। मंडी में शौचालय, बिजली और पीने के पानी की व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। लापरवाही पर संबंधित अधिकारी पर सख्त कार्रवाई होगी। विधायक ने बताया कि सरसों की खरीद को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। नमी की बात हो या खरीद की प्रक्रिया, कुछ अधिकारी पैसों के लालच में भेदभाव करते हैं। पैसे मिलने पर काम कर देते हैं, नहीं मिलने पर किसानों को परेशान करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी के नाम उच्चाधिकारियों को दे दिए गए हैं। जल्द कार्रवाई होगी।

कादियान ने कहा कि किसान मेहनत से फसल उगाकर मंडी लाता है, वहां उससे घूस मांगी जाती है, यह बेहद दुखद है। अधिकारी ऐसा करता है तो तत्काल कार्रवाई होगी। आने वाले दिनों में मंडी में गेहूं की आवक भी शुरू हो जाएगी। जरूरी है व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि मंडी को शिफ्ट कराना उनकी प्राथमिकता है। विधानसभा सत्र में यह मुद्दा उठाया गया था। विधायक ने बताया कि बंद पड़े बस अड्डे का नवीनीकरण कर उसे आधुनिक और कॉम्प्लेक्स युक्त बनाया जाएगा। कॉलेज भवन और अस्पताल की बिल्डिंग भी प्रमुख मुद्दे हैं। कॉलेज में स्टाफ की कमी को जल्द दूर किया जाएगा। इस मौके पर मार्किट कमेटी से सचिव दीपक, जगबीर कादियान, अमित बत्रा, सरपंच मेहर सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।


गन्नौर। विधायक देवेन्द्र कादियान अनाज मंडी में सरसों खरीद की व्यवस्थाओं का जायजा लेते। फोटो :हरिभूमि


गोहाना। मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण करते डॉ. सुरेश कुमार। फोटो :हरिभूमि

# लोग घरों व आस पड़ोस में साफ-सफाई का ध्यान रखें

■ शिविर में 185 लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

एसडीएम आईएएस अंजलि श्रोत्रिय के निर्देश पर बुधवार को गांव रभड़ा में आयुष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। आयुष ग्राम माहरा द्वारा आयोजित इस शिविर में डॉ. सुरेश कुमार दुग्गल और उनकी टीम ने 185 लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया । डॉ. सुरेश ने कहा कि इस समय मौसम बदल रहा है। बदलते मौसम में स्वास्थ्य का अधिक ध्यान रखने की जरूरत है। लोग अपने घर व आस पड़ोस में साफ-सफाई का ध्यान रखें। उनके अनुसार आयुष शिविरों में काफी ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले रहे हैं। सहायक टीम में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट यशबीर, आयुष योग सहायक बीरभान, प्रोमिला कौर और योग इंस्टक्टर प्रोमिला ने सेवाएं दी।

# सहायक के पद पर कार्यरत रामफल 34 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शैक्षणिक खंड गोहाना के कार्यालय में सहायक के पद पर कार्यरत रामफल 34 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। कार्यालय में उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहायक रामफल को स्मृति चिह्न भेंट कर विदा किया। अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अनिल श्योराण ने की। संचालन शीला देवी ने किया। गांव छपरा निवासी रामफल की नियुक्ति 30 अप्रैल 1991 को जिला करनाल में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय मूनक में लिपिक के पद हुई थी। इसके बाद उन्होने इस पद पर जिला पानीपत और सोनीपत के कई विद्यालयों में सेवाएं दी। लिपिक रामफल ने सहायक के पद पर पदोन्नति प्राप्त कर 15 सितंबर 2023 को शैक्षणिक खंड गोहाना कार्यालय में कार्यभार संभाला। वे अब कार्यालय से सहायक के पद से सेवानिवृत्त हो गए। विदाई समारोह में पूर्व डिप्टी डीईओ धर्मपाल नरवाल, प्राचार्य सुरेन्द्र नरवाल, एसएसएम देवीराम मौजूद रहे।


रामफल को सेवानिवृत्ति पर स्मृति चिह्न भेंट करते हुए अधिकारी और कर्मचारी।

# एसग्रेशिया पॉलिसी बिना शर्त लागू करने की मांग

■ मांगों पर चर्चा के लिए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आहवान पर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आवाहन पर आईटीआई सोनीपत में प्रधान श्री राजेश मोर की अध्यक्षता में मीटिंग हुई। सुनील दत्त जिला सचिव सर्व कर्मचारी संघ ने अपने संबोधन में बताया की केंद्र सरकार ने कर्मचारियों को 2% का डी ए एलाउंस करके बड़ा मजाक किया है जबकि सांसदों का वेतनमान भत्तो में 24% की बढ़ोतरी की गई है जो तर्क संगत नहीं है महंगाई सभी के लिए एक समान बढ़ती है यह कौन सा पैमाना सरकार ने अपनाया है समझ से परे है और 31 दिसंबर 2025 तक रिटायरमेंट होने वाले कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग का लाभ न देने का कानून बनाना कर्मचारियों के साथ धोखा होगा। उन्होंने हरियाणा का अलग से वेतन आयोग गठित करवाने ₹5000 अंतरिम राहत देने सभी वेतन विसंगति दूर करने, रेगुलेशन की नीति बनाकर सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने ,पुरानी पेंशन बाहल करवाने, एसग्रेशिया पॉलिसी बिना शर्त लागू करने की सरकार से मांग की। और वर्ष 2019 से वर्ष 2023 तक बकाया एलटीसी का तुरंत भुगतान करने ,सर्व कर्मचारी संघ के 15 सूत्री मांग पत्र पर सरकार को बात करने की मांग रखी । बैठक को पूर्व में प्रधान रहे सतीश कुमार, सुभाष चंद्र ,आईटीआई प्रधान राजेश मोर, राज्य उप प्रधान मुकेश नेहरा आदि कर्मचारी नेताओं ने भी संबोधित किया।


सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटूंगा: इंदुराज

**गोहाना।** विधायक इंदुराज नरवाल उर्फ भालू ने कहा कि अपने क्षेत्र की समस्याओं का निदान करवाना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। वे अपने इस फर्ज से कभी पीछे नहीं हटेंगे। वे बुधवार को धन्यवादी दौरे में निजामपुर, भावड़, घड़वाल, कोहला, नूरनखेड़ा, बुटाना, खानपुर खुर्द व बरोदा में पहुंचे और जनसभाओं को संबोधित किया। नरवाल ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते पूरा बरोदा हलका उनका परिवार है। वे इस परिवार का ख्याल रखने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। उनके अनुसार गोहाना में बरोदा रोड पर कांग्रेस बरोदा विधानसभा का कार्यालय खोला है। पांच को सांसद दीपेन्द्र हुड्डा कार्यालय का बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन करेंगे।


गांव भावड़ में जनसभा को संबोधित करते विधायक इंदुराज नरवाल।


श्री श्री 1008 हरिओम जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करते मुख्यमंत्री व श्रद्धालु।

### कुरुक्षेत्र को धाम बनाने से बढ़ेगी शोभा

**गोहाना।** राष्ट्रहित मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. परशुराम गौड़ ने कहा कि हरियाणा हरि की धरती है और कुरुक्षेत्र हमारी धर्म नगरी है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कुरुक्षेत्र को धाम का दर्जा देने की घोषणा की है जिससे हरियाणा की शोभा और अधिक बढ़ेगी। परशुराम गौड़ के अनुसार त्रिपुरा पीठाधीश्वर यज्ञ सम्राट श्री श्री 1008 हरिओम जी महाराज के सानिध्य में कुरुक्षेत्र में 18 से 27 मार्च तक 1008 कुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ आयोजित किया गया। 108 महायज्ञों की श्रृंखला में यह 102वां महायज्ञ था। इस महायज्ञ का न केवल कुरुक्षेत्र की धरती अपितु पूरे भारतवर्ष को पुण्य मिलेगा। राष्ट्रहित मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. परशुराम गौड़ इस कार्यक्रम के व्यवस्थापक थे।

### समावेशिता समाज के विकास का मूल आधार

**गोहाना।** गांव मदीना में गोहाना-महम मार्ग स्थित डीबीएम स्पेशल महाविद्यालय ऑफ एजुकेशन में बुधवार को विश्व स्वलीनता दिवस के सम्मान में हार्दिक समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वलीनता के बारे में जागरूकता बढ़ाना, समावेशिता को बढ़ावा देना और समाज में स्वलीनता वाले व्यक्तियों के अमूल्य योगदान को पहचानना था। संस्थान के संचालक विकास मालिक ने कहा कि इस वर्ष के उत्सव का विषय समावेश ही कुंजी रहा। यह विषय समाज द्वारा स्वलीनता वाले लोगों के लिए समझ, सम्मान और समर्थन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर केंद्रित है। समाज के सम्पूर्ण विकास के लिए हर व्यक्ति में समावेशिता की भावना का होना जरूरी है।


दिव्यांग विद्यार्थी समारोह में अपने गुरुजनों के साथ।


सोनीपत। हवन यज्ञ करते स्टाफ व अन्य।

### नवसत्र का किया शुभारंभ

**सोनीपत।** देवड़ू रोड स्थित दिल्ली विद्यापीठ में प्रवेश शाला संस्कार के अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ सोनीपत के द्वारा हवन का आयोजन किया गया। इसमे विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों ने भागीदारी निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक वीर सिंह सैनी ने बताया कि विद्यालय में हर साल हवन के साथ ही प्रवेशशाला होता है जिसमें सभी विद्यार्थी शामिल होते है। हवन कुंड में आहुति डालते हैं। अपने अध्यापकों के साथ मिलकर अपनी शिक्षा के लिये पहले से बेहतर करने का संकल्प लेते हैं। यज्ञ के समापन के पश्चात सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

# कर्मचारी विरोधी नीतियों को लेकर बैठक

■ यूपीएस पेंशन स्कीम की जगह पुरानी पेंशन बहाल की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आदेश पर आज केंद्र व प्रदेश सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों को लेकर के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी कार्यालय अधीक्षक अभियंता सोनीपत के समक्ष विशाल गेट सभा का आयोजन किया गया जिसमें मांग की गई कि विभागों के निजीकरण पर रोक लगे, यूपीएस पेंशन स्कीम की जगह पुरानी पेंशन बहाल की जाए कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। हरियाणा कौशल विकास रोजगार निगम विभाग को बंद किया जाए, तमाम तरह के कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, चार लाख खाली पड़े पदों को नई स्थाई भरती द्वारा भरा जाए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की जल सप्लाई जो गांव के तहत 1 अप्रैल से पंचायत के अधीन की गई है। इनको वापस जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में लिया जाए, तमाम तरह की जन विरोधी नीतियों पर, महंगाई पर, रोक लगाई जाए गेट मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान देशराज ने की। जबकि संचालन पूर्व जिला प्रधान एवं रिटायर कर्मचारी संघ हरियाणा के नेता जय भगवान ने किया मीटिंग को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व राज्य प्रधान सिल्क राम मलिक ने बताया कि केंद्र सरकार ने बजट सत्र में सीधे तौर पर पेंशनर न को आठवें वेतन आयोग का लाभ देने से मना कर दिया और तिथि भी निर्धारित कर दी गई की 31 दिसंबर 2025 के बाद जो कर्मचारी सेवा निवृत होंगे आठवी वेतन आयोग का लाभ केवल उन्हीं को मिलेगा।



सोनीपत। सदस्यों को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# सांसद व विधायक आवास पर सौंपा ज्ञापन

■ मांगों को लेकर कर्मचारियों का रोष-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मजदूर संगठन सीटू से संबंधित ह्यूमन वेलफेयर थ्रीफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी संघर्ष समिति ने अग्रसेन चौक पर इकट्ठा होकर शहर में रोष प्रदर्शन करते सांसद सतपाल स्वामी एवं स्थानीय विधायक निखिल मैदान के कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। अपनी मांगों का ज्ञापन उनके पीए को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारी हाथों में झंडा बैनर लेकर सागा ग्रुप की ह्यूमन वेलफेयर कोऑपरेटिव सोसाइटी एवं केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ और ठगे गए पैसे को वापस दिलवाने, कम्पनी मालिक एवं परी टीम को गिरफ्तार करने, उनकी संपत्ति को कुर्क कर,पिडीत जनता का पैसा दिलवाने की मांग को लेकर गगन भेजी नारे लगा रहे थे। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व यूनियन के संयोजक पवन वशिष्ठ, सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा, अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के उपाध्यक्ष कामरेड श्रद्धानंद सोलंकी कर रहे थे। तपती सड़के , सूरज की गर्मी, शिखर दोपहरी में प्रदर्शनकारियों में जोश भरा हुआ था । कहा कि कंपनी की बदौलत पूरे हरियाणा में आर्थिक व जान माल, एक दूसरे पर शोषण व एक दूसरे में रजिंस बनना ओर बेरोजगारी ओर आत्महत्या जैसी भयानक समस्या आई हुई है प्रदर्शनकारियों को आशा यूनियन की नेता छवि, सुमन, आंगनवाड़ी वर्कर यूनियन की जिला प्रधान सोना देवी, शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों के प्रधान अजय, सचिव नवीन कुमार ,संघर्ष समिति के नेता विपुल आंतिल मौजूद रहे।


सोनीपत। अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि

**बैठक** विधायक ने जन स्वास्थ्य विभाग की एसडीओ व जेई को निर्देश दिए

# जल निकासी व पेयजल आपूर्ति में सुधार प्राथमिकता : पवन खरखौदा

थाना कलां चौक, सांपला मार्ग व मटिंडू मार्ग पर पम्पिंग स्टेशन बनाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शहर की पानी निकासी व पेयजल व्यवस्था को सुचारू कराने को लेकर विधायक पवन खरखौदा ने जन स्वास्थ्य विभाग की एसडीओ सुदेश व जेई को निर्देश दिए कि शहर से पानी निकासी की व्यवस्था को सुधारना उनकी प्राथमिकता है। विभाग बताए कि पानी निकासी की व्यवस्था को पटरी पार लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। इसके अलावा स्थानीय निवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग क्या प्रयास कर रहा है। जन स्वास्थ्य विभाग की एसडीओ सुदेश ने विधायक पवन खरखौदा को शहर का नक्शा दिखाते बताया कि शहर की पानी निकासी के लिए कन्या महाविद्यालय, थाना कलां चौक, सांपला मार्ग व मटिंडू मार्ग पर पम्पिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। जहां से मोटरों की सहायता से एसटीपी पर पानी पहुंचाया जाएगा और उसके बाद उसे ड्रेन में डाला जाएगा। इस प्रक्रिया के कारण ओवरफ्लो नालों में भी पानी कम हो जाएगा। जिसके कारण मार्ग पर भी गंदा पानी जमा नहीं होगा। उन्होंने में पंपिंग स्टेशन बनाने के लिए उच्च अधिकारियों को प्रस्ताव भेजा है। जैसे ही उन्हें अप्रूवल मिलेगी में मेन पंपिंग स्टेशन बनाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।


खरखौदा। जल निकासी पर अधिकारियों से चर्चा करते विधायक पवन खरखौदा

### कार्य कराने में पूरा सहयोग देंगे

उन्होंने बताया कि शहर को 2 जोन में बाटा गया है। जिसमें रोहतक मार्ग स्थित जल घर फिल्टर करके आधे शहर की जल आपूर्ति की जाएगी। दिल्ली मार्ग पर स्थित जलघर से बाकी बचे शहर की जल आपूर्ति की जाएगी। विधायक पवन खरखौदा ने निर्देश दिए कि शहर की पानी निकासी की समस्या काफी विकट समस्या है। इसलिए इस कार्य को पूरा करने के लिए कोई कोताही ने बरती जाए। वह भी उच्च अधिकारियों से बातचीत करके शीघ्रता के साथ कार्य कराने में अपना पूरा सहयोग देंगे।

# वार्षिक शिविर में एक महिला समेत 45 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया

■ शिव नगर में वार्षिक शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-जींद मार्ग स्थित शहर के शिव नगर में आयोजित वार्षिक शिविर में एक महिला समेत 45 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर शिव धर्मशाला में आयोजित किया गया जिसमें रेडक्रास रक्त बैंक दिल्ली की टीम रक्त संकलन के लिए पहुंची। शिविर के मुख्य अतिथि शैक्षणिक खंड मुंडलाना के बीईओ बसंत ढिल्लों थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी विजय बल्हारा, कैमिस्ट एसोसिएशन के जिला सचिव प्रदीप चहल और हरेंद्र दहिया ने शिरकत की। सानिध्य वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं जिला परिषद की पूर्व चेयरपर्सन कमला भावड़ का रहा। अध्यक्षता उनके पुत्र जगदीश भावड़ ने की। उन्होंने अपने पुत्र एडवोकेट कंवर भावड़ व समधी अमरजीत दहिया के साथ रक्तदान किया। संयोजन मोहित भावड़ का रहा। शिविर में स्टार रक्तदाता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी सुरेंद्र विश्वास ने पूरा समय अपनी सेवाएं देते हुए रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया। शिविर के आयोजन में हरविन्द्र दहिया, भूपेन्द्र मलिक और राजकुमार शास्त्री का विशेष सहयोग रहा। शिविर में एकमात्र महिला नीलम ने भी रक्तदान किया।


गोहाना। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते शिविर के आयोजक और अतिथि।

## खबर संक्षेप



### निबंध लेखन प्रतियोगिता में पाया नकद पुरस्कार

**सोनीपत।** हरियाणा काउंसिल ऑफ साइंस इन्नोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ने 17 जनवरी,2025 को गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल,जींद(हरियाणा) में राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता से हरियाणा के प्रत्येक जिले से 10 छात्रों ने भाग लिया। हिंदू विद्यापीठ की कक्षा 12वीं की छात्रा दीप्ति ने इस प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट लेखन व विचार कौशल के द्वारा सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। पुरस्कार स्वरूप उसे प्रमाण पत्र तथा 3000 का नकद पुरस्कार दिया गया। विद्यालय पहुंचने पर उसकी इस उपलब्धि के लिए हिंदू विद्यापीठ के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने उसे हार्दिक बधाई दी व इसी प्रकार भविष्य में उत्कृष्टप्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित भी किया।

### खाना-खाने आए युवक का मोबाइल चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में टीडीआई में खाना खाना आए एक युवक का आइफोन चोरी होने का मामला सामने आया है। युवक खाना खाते वक्त मोबाइल फोन टेबल पर भूल गया था। जब वापस लेने गया तो मोबाइल नहीं मिला। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कलावती कॉलोनी राठधाना रोड निवासी पंकज शर्मा ने बताया कि वह परिवार के साथ टीडीआइ में खाना खाने के लिए आया था। इस दौरान वह अपना मोबाइल फोन टेबल पर रख दिया। उसके बाद वह वापस घर आने लगे। जब निकले तो उनको याद आई। वह वापस मोबाइल लेने होमिनोज पिज्जा में वापस गया तो मोबाइल वहां नहीं मिला। कर्मचारियों से भी फोन के बारे में पूछा, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।



गन्नौर। विश्व ऑटिज्म कार्यक्रम में दिव्यांग छात्र सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## रेणु विद्या मंदिर में विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस का आयोजन

**गन्नौर।** रेणु विद्या मंदिर (विशेष शिक्षा, व्यावसायिक पुनर्वास प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान)में विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया गया। जिसमें संस्थान की उप निदेशक ऋचा चावला, प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुल्हाड़े, सहायक प्रोफेसर डॉ. रत्नेश सिंह, सह प्राध्यापक मनोज कुमार, सहायक प्रोफेसर ज्योति कौशिक, सौरभ व शिक्षकों ने विश्व ऑटिज्म के बारे में बताया। छात्रों, शिक्षकों एवं शिक्षक प्रशिक्षुओं ने ऑटिज़्म के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में ऑटिज़्म से पीड़ित बच्चों एवं व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों को बढ़ावा देना था। डॉ. प्रमोद कुमार कुल्हाड़े ने कहा कि ऑटिज़्म एक चुनौती है,लेकिन सही शिक्षा एवं समर्थन से इन बच्चों की प्रतिभा को निखारा जा सकता है। ऋचा चावला ने छात्रों एवं अभिभावकों को ऑटिज़्म के लक्षणों एवं प्रबंधन बारे बताया।

ऑटिज्म को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया



गन्नौर। भवन निर्माण कार्य शुभारम्भी पर हवन में आहुति डालते विधायक देवेंद्र कादियान व डीईओ व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

## पुरखास में 4.67 करोड़ की लागत से बनेगा 2 मंजिला स्कूल भवन

**गन्नौर।** पुरखास गांव के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नए भवन का निर्माण करीब 4 करोड़ 67 लाख 20 हजार रुपए की लागत से होगा। दो मंजिला इमारत में 14 कमरे, रैंप, शौचालय, लाइब्रेरी और साइंस लैब बनाई जाएंगी। निर्माण कार्य एक सप्ताह में शुरू होगा। बुधवार को हलका विधायक देवेंद्र कादियान और जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने नारियल तोड़कर भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। स्कूल प्राचार्य के नेतृत्व में हवन यज्ञ में डीईओ, स्कूल स्टाफ, छात्र और ग्रामीणों ने आहुति दी। अतिथियों का फूलमाला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा स्कूल में कई सालों से कमरों की कमी से छात्र और शिक्षक परेशान थे। अब नया भवन बनने से यह समस्या दूर होगी। इस अवसर पर सरपंच बहादुर पहलवान, सरपंच मोनिका, जिला पार्षद सतीश गुलिया, राजेश पहलवान, एसडीओ सुमेर मलिक, जेई राजकुमार, सरपंच प्रतिनिधि सुनील, पंचायत सेक्रेटरी अनिल कादियान सहित कई लोग मौजूद रहे।

हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना और समाज को नई दिशा देना सरकार का लक्ष्य : कादियान

## पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल में हवन से शुरू हुआ नया शैक्षणिक सत्र

**सोनीपत।** पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल, कामी रोड में अध्यापकों और विद्यार्थियों ने हवन में आहुति डालकर नये शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया। सभी ने विद्या की देवी सरस्वती का वंदन किया, वहीं हवन का शुभारंभ विघ्नहर्ता श्री गणेश के पूजन से किया गया। इस अवसर पर पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन, माता मूर्ति देवी, सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंधक निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजी.संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा.स्वीटी, डायरेक्टर ट्रेनिंग नवनीत मेहता, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू, डीन अकादमिक संदीप कुमार, स्कूल की प्रधानाचार्या हिमानी दहिया, उप प्रधानाचार्य वरुण, राहुल नैन, डा.रिशु और अध्यापक-अध्यापिकाओं ने हवन कुंड में आहुतियां देकर परिवार, समाज व देश की सुख-समृद्धि व कल्याण की कामना की। पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन ने कहा कि भारतीय परंपरा और संस्कृति का प्रतीक है यज्ञ। यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है जिससे हमारे मन में अच्छे विचार उत्पन्न होते हैं। उन्होंने बताया कि आज से नए सत्र में विद्यार्थियों का पठन-पाठन सुचारू रूप से प्रारंभ हो गया है। सभी विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ मेहनत और लगन से पढ़ाई करके एक अच्छा इंसान बनकर देश व समाज की सेवा करनी है। उन्होंने भरोसा जताया कि नए सत्र में भी उनके स्कूल के विद्यार्थी शिक्षा, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले व विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

भारतीय परंपरा और संस्कृति का प्रतीक है यज्ञ, इससे हमारे मन में होते हैं अच्छे विचार उत्पन्न



खरखौदा। विद्यालय में हवन यज्ञ में भाग लेते शिक्षक व विद्यार्थी।

## शिक्षा जीवन को सही दिशा देने का माध्यम : पूजा दहिया

**खरखौदा।** द स्टैनफोर्ड स्कूल थाना खुर्द में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत हवन-पूजन के साथ की गई। इस मौके पर आचार्य जयप्रकाश द्वारा गणेश वंदना, मंत्र, आरती, अग्निदेव- वायुदेव- जलदेव तथा ब्रह्मा - विष्णु - महेश के मंत्रों का उच्चारण करते हुए हवन में आहुति दी गई। विद्यालय के सभी सदस्यों ने एकत्र होकर इस पवित्र अनुष्ठान में माता के नौ रूपों के महात्म्य को सुना। आचार्य ने नई शिक्षा यात्रा के लिए विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। चेयरमैन उत्सव दहिया और विद्यालय निदेशिका पूजा दहिया ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। इस हवन के माध्यम से हम बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। विद्यालय के छात्रों ने हवन के साथ-साथ शैक्षिक गतिविधियों की शुरुआत भी की। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीत कुमार नैन ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस आयोजन से विद्यालय में एक सकारात्मक वातावरण बना और विद्यार्थियों को नए सत्र के लिए उत्साहित किया गया।

# शहर ठेका सफाई कर्मियों का आंदोलन 10वें दिन जारी

## विधायक कार्यालय के बाहर बैठकर कर रहे रोष-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सीटू से संबंधित शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों का आंदोलन 10 वे दिन भी जारी रहा। विधायक के कार्यालय के बाहर लगातार 10 वे दिन भी शांति प्रिया जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान अजय कुमार टॉक ने की और संचालन उपप्रधान दीपक ने किया 2 अप्रैल को ह्यूमन वेलफेयर संघर्ष समिति ने शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों के आंदोलन का समर्थन किया और सोनीपत सांसद के आवास के बाहर और विधायक के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान हटाए कर्मचारियों का आरोप है कि 12 महीने से लगातार ठेका सफाई कर्मचारियों को पीसीसी कंपनी ने बदले की भावना से कुछ सफाई कर्मचारियों को नौकरियों से निकल दिया। हटाए गए कर्मचारियों ने अपने बकाया 5 साल के करोड़ों रुपए के एरियर पर आवाज उठाई थी। पीसीसी कंपनी ने बदले की भावना से कुछ कर्मचारियों को काम से हटा दिया। न कर्मचारियों को समय पर वेतन दिया जाता। न समय पर सफाई के औजार दिया जा रहे। न सफाई कर्मचारी को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी दी जा रही। ठेका सफाई कर्मचारी विधायक से मांग करते हैं कि ठेका सफाई कर्मचारियों को न्याय दिलाया जाए। नगर निगम सोनीपत पीसीसी कंपनी की जांच कराई जाए। हटाए गए ठेका सफाई कर्मचारियों को 12 महीने वेतन सहित काम पर लिया जाए। ठेका सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान कराया जाए। इस दौरान सोना देवी,आशा वर्कर छवि,सुमन,पवन वशिष्ठ,सचिव नवीन वारिया, पवन, सुनीता, देवी, संतोष, विजय, देवराज टॉक,विनोद,अमित टॉक, अमित, सुनीत, रविंद्र, सुरेंद्र, राहुल, रंजीत, राकेश, जय भगवान मौजूद रहे।



सोनीपत। रोष-प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते हुए चार गिरफ्तार लाखों रुपये की राशि और अन्य सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सेक्टर-27 की टीम ने गोहाना रोड बाईपास स्थित पेट्रोल पंप के पास घर में डाला छापा में छापा डालकर आईपीएल मैच पर सट्टा लगा रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित लखनऊ व पंजाब की टीमों के मुकाबले पर सट्टा लगा रहे थे। सीआईए की टीम ने आरोपितों से 123190 रुपये, आठ मोबाइल, लैपटॉप, एलईडी व वाईफाई बाक्स बरामद किया है। पुलिस ने उनके खिलाफ जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीआईए सेक्टर-27 प्रभारी अनिल पंवार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गोहाना रोड बाईपास पर स्थित पेट्रोल पंप के पास घर में आईपीएल के मैच पर सट्टा लगाया जा रहा है। दिल्ली कैंप निवासी श्रवण काफी समय से सट्टा बाजार में सट्टा लगाता है। उसके खिलाफ पहले भी मुकदमे दर्ज हैं। वह अपने साथी गांव चिटाना निवासी सुंदर के साथ मिलकर गोहाना रोड बाईपास पर गांव बड़वासनी नहर के पास उसके घर पर सट्टा लगाता है। जिस पर तुरंत टीम बनाई गई। जिसमें उनके साथ एएसआई संदीप कुमार, हवलदार सुमित, सिपाही अमित, संदीप आदि को शामिल किया गया। टीम ने मौके पर नाकाबंदी कर दी। उसके बाद घर की तलाशी के लिए डीसीपी क्राइम से सर्च वारंट लिया गया। टीम ने घर में घुसकर जांच की तो चार युवकों को सट्टा लगाते पकड़ा गया। उनकी पहचान दिल्ली कैंप निवासी श्रवण, मूलरूप से गांव चिटाना हॉल गोहाना रोड बाईपास निवासी सुंदर, सिक्का कॉलोनी निवासी विक्की व रोलद निवासी अनिल के रूप में हुई। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने आरोपितों के पास से जांच के दौरान 1,23,190 रुपये, आठ मोबाइल, लैपटॉप, एलईडी व वाईफाई बाक्स बरामद किए हैं। आरोपितों को अदालत में पेश किया जाएगा।



सोनीपत। गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

## पारिवारिक विवाद में महिला को पीटने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

गांव छिछड़ाना में पारिवारिक विवाद के चलते स्वजन ने महिला को लाठी डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। महिला को नागरिक अस्पताल से भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। जय सिंह ने पुलिस को को बताया कि वह आटो लेकर काम पर निकल गया था। आरोप है कि पीछे से उसके बेटे, भाई, उसकी पत्नी व अन्य स्वजन ने उसकी पत्नी को लाठी-डंडों से पीटा और घूंसे भी मारे। पड़ोसी ने फोन करके उसे बताया तो उसने पुलिस को सूचना दी और वह वापस गया। जब वह मौके पर पहुंचा तो उसकी पत्नी संतोष गली में बेहोश पड़ी थी। वह उसे अस्पताल लेकर गया। जय सिंह का कहना है कि पुश्तैनी जमीन को लेकर परिवार में विवाद है। उसके बड़े भाई को जमीन का ज्यादा हिस्सा मिला है और वह बराबर का हिस्सा देने की मांग कर रहा है। इसी रंजिश के चलते उसकी पत्नी को पीटा गया। जय सिंह का कहना है कि उसका बेटा भी उनके बड़े भाई के कहने पर काम करता है।

## राजकीय माध्यमिक विद्यालय सेहरी में हुआ प्रवेश उत्सव का आयोजन

**खरखौदा।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय सेहरी में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया व वार्षिक परीक्षा परिणाम भी सुनाया गया। जिसमें अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अध्यापिका बबली देवी ने अभिभावकों, स्कूली बच्चों व स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए प्रवेश उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्कृत अध्यापक मनोज कुमार, एस एस मास्टर रमेश, पीटीआई सुभाष, ड्राइंग अध्यापिका अंजू भोरिया, साइंस अध्यापिका मोनिका, जेबीटी सतेंद्र व संतोष आदि इस मौके पर उपस्थित रहे।




खरखौदा। छात्रा का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए मुख्य अध्यापिका।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# रक्तदान तनाव मुक्त करके दूसरों से जुड़ने में मदद करता है : राजीव जैन

**सोनीपत।** सोनीपत नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने कहा कि रक्तदान से दूसरों को जीवन मिलता है। रक्तदान आपको तनाव मुक्त करके दूसरे लोगों से जुड़ने में मद्द करता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को प्रत्येक 4 माह में रक्तदान शिविर का आयोजन करना चाहिए। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल एनसीसी व एनएसएस संयुक्त रूप से मिलकर यूथ रेडक्रॉस, सोनीपत के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि सोनीपत नगर निगम के मेयर राजीव जैन थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो.श्री प्रकाश सिंह ने की। रक्तदान शिविर में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर व कर्मचारियों ने बढचढ कर भाग लिया। रक्तदान शिविर में 158 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि रक्तदान करने से आपके दिल की सेहत भी अच्छी रहती है। रक्तदान करने से शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है। जिसका असर दिल की हेल्थ पर पड़ता है। दिल से जुड़ी बीमारियों और स्ट्रोक का खतरा भी कम होता है। उन्होंने कहा कि क्तदान करने के बाद शरीर खून की कमी को पूरा करने में जुट जाता है। जिससे शरीर में लाल रक्त कोशिकाएं ज्यादा बनती हैं, और आपकी सेहत में सुधार आता है।



सोनीपत। रक्तदाता का हौंसला बढ़ाते हुए मेयर व अन्य। फोटो : हरिभूमि



## हिंदू स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हवन के साथ हुई

**सोनीपत।** हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत आचार्य संदीप ने यज्ञ- हवन के साथ की। विद्यालय की प्राचार्या हेमा चतुर्वेदी ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। इस यज्ञ में विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय का प्रांगण यज्ञ के समय आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। यज्ञ के दौरान सभी बच्चों ने पूरे जोशीले स्वर में मंत्र उच्चारण करके अपनी उपस्थिति दर्शाई और गायत्री मंत्र के प्रति अपनी आस्था प्रकट हुए यज्ञ कुंड में आहुतियां दी। प्राचार्या ने नए सत्र के शुभारंभ पर सभी अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने आगामी सत्र के लिए विद्यार्थियों को नई ऊर्जा के साथ मेहनत कर विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

## लाखों रुपये कीमत के बिजली के तार व कंडक्टर चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र के गांव भौवापुर में चोर कंडक्टर और बिजली के तार चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। कंपनी के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। सामान की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है। ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड के सहायक प्रबंधक संतोष पांडेय ने बताया कि पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की बिजली लाइन परियोजना के तहत भौवापुर गांव के पास तार खींचे जा रहे है। वह सुबह लोकेशन पर पहुंचे तो दो कंडक्टर तार गायब मिले। चोरों ने तार काट कर चोरी किए है। तारों की कुल लंबाई 900-900 मीटर थी, जिनकी अनुमानित कीमत 5,55,000 रुपये है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। ओपी जिंदल चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

■ गांव भौवापुर में वारदात, पुलिस ने जांच शुरू की चोरों को जल्द पकड़ने का दावा

मार्केट न्यूज

### रोगियों की आशाओं पर सदैव खरा उतरेगा फिम्स: आर. पी, जैन

**सोनीपत।** क्षेत्र की जनता - आपका शुक्रिया ...। आपके दृढ विश्वास, स्नेह और अपनत्व के कारण जहां हम आज अपनी कामयाबी का 10वां वार्षिक उत्सव मना रहे हैं, वहीं फिम्स ने इन 10 वर्षों में क्षेत्रवासियों की भलाई के लिए दिन-रात एक करके, अपनी असाधारण उपलब्धियों के कारण ही इस एन0 सी0 आर0 क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा एंव अध्यन संस्थान बनने में सफलता पाई है। ये उदगार फिम्स के चेयरमैन आर0 पी0 जैन ने बुधवार को दीप प्रज्जवलित करके वार्षिक उत्सव में व्यक्त किए। उन्होने कहा कि हमे अपने अनुभवी चिकित्सकों, विभागाध्यक्षों, अधिकारियों, मेडिकल व पैरा-मेडिकल स्टॉफ पर बेहद गर्व है, जो अपना खून पसीना एक करके रोगियों की शारीरिक दिक्कतों को पहचान कर, उनकी उम्मीदों पर खरा उतरे। भविष्य में भी फिम्स, रोगियों की आशाओं पर खरा उतरेगा। फिम्स के प्रबंध निदेशक - रजत जैन ने जनसहयोग से, 10 वर्षों में अर्जित उपलब्धियों का ब्योरा देते हुए कहा कि फिम्स में ऐसी-ऐसी दुर्लभ मशीनें और संयंत्र लगाये गये जो आस-पास के किसी भी अन्य अस्पताल में उपलब्ध नही थें। सोनीपत क्षेत्रवासियों को होने वाली भारी असुविधा को देखते हुए सोनीपत में ही न्यूरो-माईक्रोस्कोप, फिलिप्स कैथलैब व स्पैशल ऑनको वार्ड जैसी अनेक सुविधाओं की उपलब्धता ने फिम्स को प्रसिद्धि की उन ऊचांईयों पर पहुंचाया, जहां इसका कोई सानी नही है।



## जनसंवाद कार्यक्रम के तहत विधायक देवेंद्र कादियान का आधा दर्जन गांवों का दौरा

# क्षेत्र का विकास प्राथमिकता रहेगी, काम और सेवा ही मेरी पहचान : कादियान

ग्रामीणों ने फूलमाला और पगड़ी पहनाकर विधायक का जोरदार स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

जनसंवाद कार्यक्रम के तहत विधायक देवेंद्र कादियान ने बुधवार को शाहपुर तगा, खेड़ी तगा, घसौली, बेगा, बलिंदा गढ़ी, दतौली, बड़ी और टेहा गांव का दौरा किया। ग्रामीणों ने फूलमाला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। सरपंचों व लोगों ने गांवों के विकास से जुड़ी मांगें रखीं। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का संपूर्ण विकास उनकी प्राथमिकता है। गांव-गांव जाकर लोगों से मिल रहे हैं। चुनाव में बड़ी जीत के लिए आभार जता रहे हैं। कहा, मेरी पहचान काम और सेवा करना है। इस अवसर पर सुन्दर लाल सरपंच, वेदप्रकाश सरपंच, मोनू त्यागी सरपंच, सुरेंदर सरपंच, अरुण त्यागी सरपंच प्रतिनिधि, अरुण शर्मा, अभिषेक त्यागी, हरबीर गोस्वामी, मिन्टा, अजय त्यागी, सरफराज, इकबाल, नवीन त्यागी आदि मौजूद रहे।



गन्नौर। जनसंवाद कार्यक्रम में विधायक देवेन्द्र कादियान का स्वागत करते हुए।